

# होली पर्व पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने कलेक्टर के निर्देश, अधिकारी मुख्यालय पर रहेंगे उपस्थित

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 2 मार्च।** आगामी होली एवं धुलेण्डी पर्व को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा आवश्यक प्रशासनिक निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेशानुसार दिनांक 03 मार्च 2026 एवं 04 मार्च 2026 को शासकीय अवकाश तथा 05 मार्च 2026 को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

पर्व के दौरान जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आवश्यक सेवाओंकृजैसे स्वच्छता, जल प्रदाय, स्वास्थ्य एवं सुरक्षाकृके निर्बाध संचालन हेतु सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने मुख्यालय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कोई भी अधिकारी/कर्मचारी अधोहस्ताक्षरी की लिखित अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। कानून-व्यवस्था ड्यूटी में लगाए गए सभी कर्मचारी अपने निर्धारित स्थान पर मुस्तैद रहेंगे तथा मोबाइल फोन 'ऑन मोड' में रखना अनिवार्य होगा। अत्यंत गंभीर चिकित्सीय आपात स्थिति में ही मुख्यालय अवकाश पर विचार किया जाएगा, जिसके लिए संबंधित विभाग प्रमुख की अनुशंसा एवं अनुमोदन आवश्यक होगा।

# सम्पूर्णता अभियान 2 .0 की समीक्षा बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 2 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्योपुर द्वारा सम्पूर्णता अभियान 2.0 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह अभियान नीति आयोग, भारत सरकार के आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जा रहा है।

बैठक में 6 इंडिकेटर्स की प्रगति की समीक्षा की गई, जिनमें महिला एवं बाल विकास विभाग के 4, शिक्षा विभाग का 1 तथा पशुपालन




विभाग का 1 इंडिकेटर शामिल है। संबंधित अधिकारियों को 15 मार्च तक सभी इंडिकेटर्स में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए गए। बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों एवं बालिका शौचालयों के निर्माण व मरम्मत कार्य मार्च माह तक पूर्ण करने, पशुपालन विभाग को लक्ष्य समय-सीमा में हासिल करने तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को आधार अपडेट एवं बच्चों का शत-प्रतिशत वजन दर्ज करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संबंधित विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को नीति आयोग के निर्देशानुसार मिशन मोड में कार्य कर समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

# बालिकाओं के लिए एचपीवी वैक्सीन महत्वपूर्ण, प्रगति बढ़ाएं : सीईओ

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 2 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा टीएल बैठक में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




### सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में लापरवाही बरतने पर अधिकारियों को नोटिस समय सीमा की बैठक आयोजित

बैठक के दौरान एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, एलडीएम यदु सोय, तहसीलदार श्योपुर श्रीमती मनीषा सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही सीईओ जिला पंचायत द्वारा टीएल बैठक के दौरान अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने निर्देश दिए कि अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना में आवश्यक रूप से पात्र हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए एवं सभी अधिकारी-कर्मचारी स्वयं भी पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए विकासखंड स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएं। साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना में भी अधिक से अधिक बालिकाओं का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एचपीवी टीकाकरण की प्रगति बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाने एवं शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए। जिला टीकाकरण अधिकारी मुकेश मीणा ने जानकारी दी कि 14-15 वर्ष की बालिकाओं के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर विशेष टीकाकरण शिविर लगाए जा रहे हैं। 'संकल्प से समाधान' अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि प्राप्त आवेदनों के साथ-साथ उनके निराकरण की गति भी बढ़ाई जाए। सीएम हेल्पलाइन में लंबित एवं अनअटेंडेड शिकायतें नहीं छोड़ी जाएं। शिकायतों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। आहार अनुदान योजना में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए जिसपर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य राकेश गुप्ता ने जानकारी दी कि वर्तमान में 1140 प्रकरण लंबित हैं, जिनका शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक हितग्राहियों की अपार आईडी एवं आभा आईडी बनवाना सुनिश्चित करें।

बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि कलेक्ट्रेट परिसर में आजीविका मिशन द्वारा होली उत्सव मेला आयोजित किया गया है। अधिकारियो से अपेक्षा की गयी की वे होली के लिए हर्बल गुलाल समूह की दीदियो द्वारा लगाए गए स्टॉल से खरीदकर उनके इस कार्य को प्रोत्साहित करें।

# आरटीई के तहत प्रायवेट स्कूलों में 9 मार्च से शुरू होगी प्रवेश की प्रक्रिया

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 2 मार्च।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में ऑनलाइन निशुल्क प्रक्रिया 9 मार्च से शुरू होगी। डीपीसी भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि श्योपुर जिले में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आरटीई अतंर्गत निजी स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से 9 मार्च से शुरू होने जा रही है। जिसके तहत 13 मार्च से आवेदन किये जा सकते है।

उन्होने बताया कि निशुल्क प्रवेश हेतु मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलो एवं उनके उपलब्ध कक्षाओं की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन मार्च को किया जायेगा, इसके उपरांत पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 13 मार्च से शुरू होगी, आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च तक नियत की गई है, इस अवधि में त्रुटि सुधार भी किया जा सकता है। आवेदन पश्चात् 30 मार्च तक सत्यापन की प्रक्रिया शासकीय जनशिक्षा केन्द्रो के माध्यम से की जायेगी। 02 अप्रैल को रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लाटरी द्वारा स्कूल का आवंटन होगा तथा एसएमएस के माध्यम से आवेदको को सूचना दी जायेगी, आवंटन उपरांत अशासकीय स्कूलो में प्रवेश हेतु उपस्थिति 3 अप्रैल से 15 अप्रैल तक दी जा सकेगी। प्रवेश के लिए वंचित समूह अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति, वनभूमि के पट्टाधारी, विमुक्त जाति तथा दिव्यांग बच्चे और एचआईवी ग्रस्त बच्चों को पात्रता प्रदान की गई है, कमजोर वर्ग अंतर्गत बीपीएल परिवारों को, अनाथ बच्चे, कोविड-19 में माता-पिता अथवा अभिभावको की मृत्यु के कारण निराश्रित बच्चे शामिल किये गये है, अधिक जानकारी के लिए जिला शिक्षा केन्द्र श्योपुर से संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## एक नजर में

### विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम 07 मार्च को

**श्योपुर, 02 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 पर प्रस्तावित विकसित युवा संसद कार्यक्रम 07 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस श्योपुर डॉ. ओपी शर्मा ने बताया है कि विकसित भारत को युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में 07 मार्च को प्रातः 10 :30 बजे से आयोजित किया जायेगा।

### मो .सा . को तेजी व लापरवाही से चलाकर, टक्कर मार दी

**श्योपुर, 02 मार्च।** थाना बडौदा सडक दुर्घटना - फरि. कमलेश पुत्र सीताराम मीणा उम्र 47 साल नि. मूढला ने रिपोर्ट की कि दि. 28 .02 .26 के 19 .00 बजे स्थान मूढला नहर नाली के पास आरोपी अज्ञात व्यक्ति ने अपनी मो .सा. को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि. को पीछे से टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई । दि. 28 .02 .26 के 20 .31 बजे अप. क्र. 47126 धारा 281,125 (ए) बीएनएस कायम कर लिया है।

### करंट लगने से मृत्यु

**श्योपुर, 02 मार्च।** थाना वीरपुर करंट लगने से मृत्यु सूचनाकर्ता मनीशंकर पुत्र रामस्वरूप माहौर उम्र 30 साल नि. चक सीताराम ने बताया कि दि. 28 .02 .26 के रात्रि 03 .26 बजे स्थान रमेश प्रजापति के बोर के पास पर मृतक रामस्वरूप पुत्र छोटे माहौर उम्र 55 साल नि. चक सीताराम मृतक की मृत्यु करंट लगने से हो गई । दि. 01 .03 .26 के 12 .18 बजे मर्ग क्र. 01/26 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर लिया है।

### मेड पर तार खेचने व गड्ढा खोदने की बात पर मारपीट

**श्योपुर, 02 मार्च।** थाना बरगवां मारपीट फरि. राजाराम उर्फरामाकृष्णा पुत्र कल्याण सिंह रावत उम्र 27 साल नि. जाखदा ने रिपोर्ट की कि दि. 01 .03 .26 के 12 .00 बजे स्थान भारौठी वाला खेत जाखदा पर आरोपीगण, रामबल रावत, हरप्रसाद रावत, महेश रावत नि. जाखदा ने फरि के मेड पर तार खेचने से व गड्ढा खोदने की बात पर से गंदी गंदी गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी । दि. 01 .03 .26 के 14 .28 बजे अप .क्र. 12/26 धारा 296,115( 2 ),381( 2 ),3 ( 5 ) बीएनएस कायम कर लिया है।

### पुराने विवाद पर मारपीट

**श्योपुर, 02 मार्च।** थाना कराहल मारपीट फरि. अंकेश पुत्र महाराज सिंह कुशवाह उम्र 20 साल नि. मेहरवानी कराहल ने रिपोर्ट की कि दि. 01 .03 .26 के 17 .00 बजे स्थान आरोपी के घर के बाहर ग्राम मेहरवानी पर आरोपी शिवनारायण पुत्र जगदीश कुशवाह नि. गण ग्राम मेहरवानी थाना कराहल ने फरि को पुराने विवाद पर मारपीट की गालियां दी एवं जान से मारने की धमकी दी । दि. 01 .03 .26 के 19 .08 बजे अप .क्र. 11/26 धारा 296,115 ( 2 ),3 ( 2 ) बीएनएस कायम कर लिया है।

### पुरानी रंजिश पर मारपीट

**श्योपुर, 02 मार्च।** थाना कोतवाली मारपीट फरि. अफ्ताब पुत्र रहीश बैग उम्र 16 साल नि. वार्ड तक्र. 22 नोलख्खा मंदिर के पास श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 01 .03 .26 के 19 .45 बजे स्थान इस्लामपुरा मस्जिद के पास श्योपुर पर आरोपीगण, रेहान पुत्र अजीज, जलाली पुत्र अयू, अनस , हबीब पुत्र अब्दुल नदीफ जातिगण मुसलमान नि .गण इस्लामपुरा श्योपुर ने फरि एवं उसके दोस्त को पुरानी रंजिश पर मारपीट की गालियां दी एवं जान से मारने की धमकी दी । दि. 10 .3 .026 के 22 .56 बजे अप .क्र. 56/26 धारा 296,115( 2 ),351( 2 ), 3 ( 5 ) बीएनएस कायम कर लिया है।

### होली पर शुष्क दिवस घोषित

**श्योपुर, 02 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24( 1 ) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया है कि दिनांक 04 मार्च 2026 ( बुधवार ) को होली ( धुलेण्डी ) के दिन प्रात: काल से अपरान्ह 04 :00 बजे तक श्योपुर जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें एवं एफ.एल .-3 बार पूर्णत: बंद रहेंगे। मप्र राजपत्र ( असाधारण ) क्र. 47 दिनांक 14 फरवरी 2025 में प्रकाशित कम्पोजिट मदिरा फुटकर बिक्री की दुकानों के निष्पादन की व्यवस्था वर्ष 2025-26 से संबंधित शर्तों की कण्डिका 48 .1 के अनुक्रम में होली ( धुलेण्डी ) के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया गया है। निर्धारित अवधि में मदिरा का क्रय-विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# संकल्प से समाधान अभियान के तहत दिव्यांग युवती की पेंशन स्वीकृत

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 2 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत प्राप्त प्रकरण पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांग युवती की पेंशन स्वीकृत कर दी गई है।

इस पर जानकारी देते हुए सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग अधिकारी श्रीमती शशि किरण एक्का द्वारा बताया गया कि संबंधित प्रकरण की जांच कर आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत जनपद पंचायत कराहल कार्यालय द्वारा सामाजिक सुरक्षा दिव्यांग पेंशन योजना अंतर्गत हितग्राही कुमारी लाली भीलाला, ग्राम शरन अहरवानी, की प्रतिमाह 600 रुपये पेंशन स्वीकृत कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचे तथा संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# पहेला में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 2 मार्च।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा माननीय जुवेनाइल जस्टिस कमेटी हाईकोर्ट मध्यप्रदेश द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में 18 साल तक की आयु के सभी बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान हेतु जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में पंचायत भवन पहेला में आज स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प में डॉ. ललित शर्मा अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. राजेश शाक्य नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. अरशद अयुब मानसिक रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग सहायक की टीम द्वारा 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों का परीक्षण किया गया, पंचायत भवन पहेला में आयोजित शिविर में कुल 14 रजिस्ट्रेशन हुए तथा दिव्यांग बच्चों के यूडी आईडी प्रमाण पत्र बनाने के लिए 06 बच्चों की दिव्यांगता का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अनिल यादव, गतिशीलता प्रशिक्षक राजभान पटेल, अशोक यादव, एमआरसी सुनीलदत्त मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में 07 मार्च को पंचायत भवन मानपुर में, 09 मार्च को कार्यालय नायब तहसीलदार भवन गोरस में तथा 16 मार्च को शासकीय हाईस्कूल ओछापुरा में आयोजित किये जायेगे।

# होली की भाईदूज पर रहेगा स्थानीय अवकाश

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 2 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा वर्ष 2026 में श्योपुर जिले के लिए घोषित स्थानीय अवकाश के क्रम में होली की भाईदूज 05 मार्च 2026 को स्थानीय अवकाश रहेगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा श्योपुर जिले के लिए पूर्व में स्थानीय अवकाश घोषित किये गये है। जिसके क्रम में होली की भाईदूज 05 मार्च 2026 तथा दीपावली की भाईदूज 11 नवंबर 2026 को संपूर्ण जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा।

इसी क्रम में 12 सितंबर 2026 शनिवार को मेला छिमछिमा हनुमान जी मंदिर विजयपुर के अवसर पर तहसील क्षेत्र विजयपुर एवं वीरपुर के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इसी प्रकार डोल ग्यारस जल झूलनी एकादशी के अवसर पर 22 सितंबर 2026 को तहसील क्षेत्र श्योपुर, बडौदा एवं कराहल में स्थानीय अवकाश रहेगा।

यह अवकाश संपूर्ण जिले के लिए घोषित किये गये है, यह अवकाश बैंक एवं कोषालय तथा उप कोषालयो पर लागू नही होगा। इसके साथ ही जिन शैक्षणिक संस्थाओं की इन तिथियों में परीक्षाएं नियत है, उन पर भी यह अवकाश प्रभावशील नही रहेगा।

# समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन 07 मार्च तक

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 2 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशन में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी के लिए श्योपुर जिले में निर्धारित 33 पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन की प्रक्रिया गत 07 फरवरी से जारी है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन 07 मार्च तक करायें जा सकते है।

### एम.पी. किसान एप के माध्यम से मोबाइल से घर बैठे कर सकते है पंजीयन

पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था श्योपुर जिले की 33 सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर की गई है, इसके साथ ही एम.पी. किसान एप के माध्यम से भी निशुल्क पंजीयन किया जा सकता है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशन में श्योपुर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए निर्धारित पंजीयन केन्द्रों में आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आवदा, विपणन सेवा सहकारी संस्था कराहल, वृहत्ताकार सहकारी संस्था बडौदा, सेवा सहकारी संस्था बोरदादेव, सेवा सहकारी संस्था नयागांव तेखण्ड, सेवा सहकारी संस्था राडेप, सेवा सहकारी संस्था लुहाड, वृहत्ताकार सहकारी संस्था फिलोजपुरा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था तलावड़ा, सेवा सहकारी संस्था नयागांव ढोढपुर, सेवा सहकारी संस्था उतनवाड़, सेवा सहकारी संस्था ओछापुरा, सेवा सहकारी संस्था रघुनाथपुर, विपणन सेवा सहकारी समिति वीरपुर, वृहत्ताकार सहकारी संस्था विजयपुर, विपणन सहकारी समिति विजयपुर, सेवा सहकारी समिति सहसराम, वृहत्ताकार सहकारी संस्था श्योपुर, सेवा सहकारी संस्था जलालपुरा, सेवा सहकारी संस्था नागदा, सेवा सहकारी संस्था सोई कलां, सेवा सहकारी संस्था नागरगांवडा, सेवा सहकारी संस्था आसीदा, सेवा सहकारी संस्था बिजरपुर, सेवा सहकारी संस्था ननावद, सेवा सहकारी संस्था गोहेडा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था दांतरदा कलां, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मानपुर, सेवा सहकारी संस्था सोठवा, सेवा सहकारी संस्था जावदेश्वर, सेवा सहकारी संस्था तलावदा, सेवा सहकारी संस्था गुरूनावदा, सेवा सहकारी संस्था पाण्डोला शामिल है।



# वंदेमातरम के साथ कार्यालयो में हुई कामकाज की शुरूआत

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 2 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में माह मार्च 2026 के प्रथम कार्य दिवस पर कार्यालय प्रारंभ होने के तत्काल पूर्व संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन स्थित कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदेमातरम का गायन कलेक्ट्रेट परिसर श्योपुर में किया।

इस अवसर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदेमातरम का गायन किया। इसके उपरांत शासकीय कार्यालयों में काम-काज की शुरूआत हुई।

# बोर्ड परीक्षाओं में आज सम्मिलित हुए 7360 परीक्षार्थी

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 2 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संचालित है। जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने बताया कि जारी बोर्ड परीक्षाओं के क्रम में आज हाईस्कूल कक्षा 10वी के लिए आयोजित सामान्य विज्ञान विषय की परीक्षा में 6 हजार 617 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। यह परीक्षा 35 सेंटरों पर आयोजित की गई थी, सामान्य विज्ञान विषय की परीक्षा के लिए दर्ज 6 हजार 787 परीक्षार्थियों में से 6 हजार 617 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा में भाग लिया गया। 170 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

इसी प्रकार 12वीं बोर्ड की परीक्षा 15 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न हुई। समाज शास्त्र विषय की परीक्षा में कुल दर्ज 755 परीक्षार्थियों में से 743 सम्मिलित हुए। 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद श्योपुर, जिला-श्योपुर ( म .प्र . )

क्रमांक / UADD_2025_SHEOPUR_013_014_015_016_017_019_023 श्योपुर दिनांक 26 .02 .2026

### // द्वितीय संक्षिप्त ऑनलाईन निविदा विज्ञप्ति //

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026 _UAD_ 482624 _1 27 .02 .2026 | वार्ड क्रमांक 02 में बाबा रामदेव मंदिर के निर्माण कार्य। ( द्वितीय कॉल ) | 02 माह 25 .00 | 5000/- 25,000/- | 13 .03 .2026 |
| 2. | 2026 _UAD_ 482638_ 1 27 .02 .2026 | वार्ड क्रमांक 18 पापू जी पार्क में सामुदायिक भवन एवं सीसी रोड निर्माण कार्य ( द्वितीय कॉल ) । | 02 माह 35 .00 | 5000/- 35,000/- | 13 .03 .2026 |
| 3. | 2026 _UAD_ 482644 _1 27 .02 .2026 | वार्ड क्रमांक 22 में जतीघाट एवं कर्बलाघाट पर सौन्दर्यकरण कार्य। ( द्वितीय कॉल ) | 02 माह 45 .00 | 5000/- 45,000/ | 13 .03 .2026 |
| 4. | 2026 _UAD_ 485489 _1 27 .02 .2026 | वार्ड क्रमांक 17 की विभिन्न गलियों में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य। ( द्वितीय कॉल ) | 02 माह 16 .50 | 2000/- 16500/- | 13 .03 .2026 |
| 5. | 2026 _UAD_ 486066 _1 27 .02 .2026 | वार्ड क्रमांक 19 की विभिन्न गलियों में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य। ( द्वितीय कॉल ) | 02 माह 19 .00 | 2000/- 19,000/- | 13 .03 .2026 |
| 6. | 2026 _UAD_ 482618 _1 27 .02 .2026 | महार्षि वाल्मीकी जी के प्रतिमा बैठे हुये अवस्था में मार्बल की कलर में साईज ऊंचाई 5 फुट, चौड़ाई 3 फुट, एवं गहराई 2 .50 फुट होनी चाहिए प्रतिमा मार्बल की कलर सहित कम्पलीट स्थल पर फिटिंग सहित सप्लाय कार्य। ( द्वितीय कॉल ) | 15 दिवस 2 .50 लाख | 2000/- 2500/- | 06 .03 .2026 |
| 7. | 2026 _UAD_ 486531_ 1 02 .03 .2026 | बंजारा डेम हनुमान मंदिर प्रांगण में सौन्दर्गीकरण कार्य। | 02 माह 25 .00 | 5000/- 25000/ | 16 .03 .2026 |

**नोट :-** 1. ग्रुप क्रमांक 06 की दरे आयटम रेट पर प्रस्तुत करना होगी।
2 निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/ की बेवसाईड पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**( राधेरमन यादव )**
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद श्योपुर**